Speaker made references to the passing away of members of various Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष**:** माननीय सदस्यगण, अत्यंत दु:ख के साथ, मैं सभा को हमारे छह पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना चाहता हूं ।

श्री ताराचन्द शिवाजी पटेल मध्य प्रदेश के खरगौन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तेरहवीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री पटेल ने कृषि संबंधी स्थायी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया । इससे पूर्व, वे मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य थे ।

श्री ताराचन्द शिवाजी पटेल का निधन 18 सितंबर, 2023 को 81 वर्ष की आयु में खरगौन, मध्य प्रदेश में हुआ ।

श्री विजय कुमार यादव बिहार के नालंदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं, आठवीं और दसवीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री यादव ने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति, अधीनस्थ विधान संबंधी समिति तथा विशेषाधिकार संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया । उन्होंने बिहार विधान सभा के सदस्य के रूप में भी कार्य किया ।

श्री विजय कुमार यादव का निधन 23 सितंबर, 2023 को 94 वर्ष की आयु में नालंदा, बिहार में हुआ ।

श्री सरताज सिंह चटवाल मध्य प्रदेश के होशंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं तथा चौदहवीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री चटवाल ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के रूप में भी कार्य किया । इनका दीर्घकालीन संसदीय अनुभव रहा । श्री चटवाल ने विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएँ प्रदान कीं ।

श्री सरताज सिंह चटवाल का निधन दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 को 83 वर्ष की आयु में भोपाल, मध्य प्रदेश में हुआ ।

श्री प्रभात सिन्ह प्रताप सिन्ह चौहान गुजरात के पंचमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पंद्रहवीं और सोलहवीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री चौहान विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे । उन्होंने गुजरात सरकार में उप मंत्री और राज्य मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं तथा वे पाँच कार्यकाल तक गुजरात विधान सभा के सदस्य भी रहे ।

श्री प्रभात सिन्ह प्रताप सिन्ह चौहान का निधन 26 अक्टूबर, 2023 को 82 वर्ष की आयु में पंचमहल, गुजरात में हुआ ।

श्री डी. बी. चंद्र गौड़ा कर्नाटक के तत्कालीन चिक-मंगलूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पाँचवीं और छठी लोक सभा तथा बंगलौर- उत्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पंद्रहवीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री चंद्र गौड़ा राज्य सभा के सदस्य भी रहे । श्री चंद्र गौड़ा ने विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में भी कार्य किया । श्री चंद्र गौड़ा ने कर्नाटक विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया । वे तीन कार्यकाल के लिए कर्नाटक विधान सभा के सदस्य रहे तथा वे कर्नाटक विधान परिषद के सदस्य भी रहे । श्री चंद्र गौड़ा ने कर्नाटक सरकार में अनेक मंत्रालयों का कार्यभार संभाला तथा उन्होंने कर्नाटक विधान सभा और कर्नाटक विधान परिषद में नेता, प्रतिपक्ष के रूप में भी कार्य किया।

श्री डी. बी. चंद्र गौड़ा का निधन 7 नवंबर, 2023 को 87 वर्ष की आयु में चिक-मंगलूर, कर्नाटक में हुआ ।

श्री बसुदेव आचार्य पश्चिम बंगाल के बांकुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं, आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं, तेरहवीं, चौदहवीं एवं पंद्रहवीं लोक सभा के सदस्य रहे ।

अपने दीर्घ संसदीय अनुभव के साथ श्री आचार्य ने सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति, सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति, रेल संबंधी समिति, याचिका समिति तथा कृषि संबंधी समिति के सभापति के रूप में कार्य किया तथा वे विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे ।

श्री आचार्य 11 वीं, 12 वीं, 13 वीं एवं 15 वीं लोक सभा के दौरान लोक सभा की सभापति तालिका के सदस्य भी रहे ।

श्री बसुदेव आचार्य का निधन 13 नवम्बर, 2023 को 81 वर्ष की आयु में हैदराबाद, तेलंगाना में हुआ ।

हम अपने छह पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं । यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है ।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी ।

11.04 hrs

The Members then stood in silence for short while.

माननीय अध्यक्ष **:** ओम शांति: शांति: शांति: ।